एक नजर में

काउंसलिंग की आज अंतिम तिथि

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाना है।

पद हेतु उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक उच्च पद प्रभार में कार्यरत सहित एक जनवरी 2025 को आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं हो, संबंधित के विरूद्ध कोई विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण एवं लम्बे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित नहीं हो। उपरोक्तानुसार निर्धारित अर्हताधारी लोकसेवक काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु सहमति सह जानकारी निर्धारित प्रारूप में 21 जुलाई तक जिला शिक्षा केन्द्र टीकमगढ़ में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। तत्संबंधी विस्तृत विवरण, निर्धारित प्रारूप एवं रिक्तियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिले में जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाना है।

पलेरा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियां

कॉलोनाइजर उड़ा रहे एक्ट एवं रेरा नियमों की धज्जियां

अवैध कालोनियों के नामांतरण जारी

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़/ पलेरा

जिले में लगातार बढ़ रहे अवैध कॉलोनी के कारोबार पर नकेल कसने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय भले ही सक्रिय दिख रहे हो लेकन जिले के पलेरा नगर में दिन प्रतिदिन अवैध कॉलोनियों का निर्माण जोर पकड़ता जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। कॉलोनाइज़र एक्ट और रेरा नियमों की धज्जियाँ खुलेआम उड़ाई जा रही हैं। जबकि कलेक्टर के निर्देश के बाद टीकमगढ़ एसडीएम के प्रतिवेदन पर 33 कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए थे। जिसमें उल्लेख किया गया है कि कृषि भूमि पर अन्य उपयोग के लिए आवासीय प्लाटों के रूप में विक्रय कर अवैधानिक रूप से कॉलोनी का विकास किया जा रहा है। इसके बावजूद भी पलेरा नगर में अवैध कॉलोनियों का जाल तेजी से फेलता जा रहा है।

दरअसल पलेरा नगर में कई कॉलोनाइजर बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के ही ज़मीन की प्लॉटिंग कर रहे हैं और भोले-भाले लोगों को प्लॉट बेच रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिना वैध अनुमति के इन प्लॉटों के नामांतरण भी संबंधित अधिकारियों द्वारा मंजूर किए जा रहे हैं। यह पूरा मामला न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि नगर की भविष्य की प्लानिंग और बुनियादी सुविधाओं के लिए भी एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है।स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की मिलीभगत या लापरवाही के चलते यह अवैध निर्माण कार्य निर्भयता से संचालित हो रहे हैं। अब यह देखना बाकी है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करेंगे, या फिर यह मूकदर्शक बने रहेंगे।

अधिनियम के अनुसार किसी भी विकासकर्ता को कॉलोनी विकसित करने से पहले रेरा में पंजीयन कराना आवश्यक है। यह नियम खरीदारों के हितों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। लेकिन पलेरा में कई कॉलोनाइजर इस नियम को ताक पर रखकर जमीनों की अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं और खुलेआम लोगों को प्लॉट बेच रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि इन अवैध कॉलोनियों के रेरा में अप्रमाणित प्लॉटों के नामांतरण भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंजूर किए जा रहे हैं, जो सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। राजस्व रिकॉर्ड में बिना वैध अनुमति के नामांतरण केवल इस ओर इशारा करता है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक स्तर पर मिलीभगत या गंभीर लापरवाही हो रही है। कोई भी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 500 वर्ग मीटर या 8 यूनिट से अधिक आकार का है, तो उसे रेरा में पंजीकृत कराना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के निर्माण और विक्रय दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना और जेल की सजा भी हो सकती है। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कार्यवाही जाए, और जो भी अधिकारी या कॉलोनाइज़र दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।

पलेरा हार और बैडरी हार बीच बनी कॉलोनी नियम विरुद्ध किसानों को नहीं दी गई रस्ता किसान चिन्तामन खटीक महेंद्र खटीक लखन अहिरवार ने बताया कि जो पलेरा हार और बैडरी हार के जो कालोनी बनाई गई है और नियम विरुद्ध है हम सभी किसानों ने इसकी शिकायत जनसुनवाई कलेक्टर एसडीएम और तहसीलदार को की लेकिन कालोनाइजरों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। किसानों को रास्ता भी नहीं दिया गया । कालोनाइजर राजेन्द्र द्विवेदी छतरपुर जिले के हरपालपुर के निवासी है जो राजनीतिक पकड़ के व्यक्ति माने जाते हैं जिससे उन पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।

जांच के बाद होगी नियमानुसार कार्यवाही

अवैध कालोनाइजर ने जो पलेरा हार और बैडरी हार के बीच कॉलोनी बना ली है उसमें किसानों को निकलने का रास्ता बंद कर दिया है इसकी जानकारी आपके द्वारा मिली है। में इस मामले की जांच करवाऊंगा जांच में जो भी तथ्य सामने निकलकर आएगे उसके उपरांत बरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

संजय दुबे,एसडीएम जतारा
जिला टीकमगढ़

टीकमगढ़ जिले की डायरी

महंगी अंग्रेजी शराब के शौकीन हैं साहब

महंगी अंग्रेजी शराब के शौकीन साहब की महफिलों की चर्चा अब आम हो गई है। इन साहब को अंग्रेजी शराब की महंगी बोलतों के ढक्कन खोलना पसंद है। साहब के बंगले पर रोजाना शाम ढलते ही जाम छलकाने के लिए महफिल सज जाती है। इस महफिल को सजाने के लिए उनके अधिनस्थ महंगी शराब की बोलतों की व्यवस्था करते हैं। महंगी बोलते मिलने के बाद साहब उनसे प्रसन्न होकर उनकी फाईलों को सबसे पहले आगे बढ़ाते हैं। यह साहब किस विभाग में बैठते हैं यह तो नहीं बताएंगे पर साहब को सचेत जरूर कराएंगे कि अगर आपके इस कारनामे का किसी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया तो शायद आप मशहूर हो जाएंगे।

वोट क्लब का असली हीरो कौन ?

वोट क्लब का असली हीरो कौन ? यह सवाल सबके मन में है। क्योंकि बीते दिनों वोट क्लब शुभारंभ पर तमाम नेता आगे-आगे आकर अपनी तस्वीरें खिंचवाते नजर आए पर असल में इस अच्छी शुरूआत का हीरो कोई और ही है। वो हीरो कौन है यह भी सब जानते हैं किसकी मेहनत और दृढ़शक्ति से यह काम हुआ है। पर हां यह बात भी सही है कि जहां मीडिया का हुजूम हो और फिर नेताजी अपनी नेतागिरी न दिखाएं ऐसा न होना बहुत असंभव है। हम तो यही कहेंगे सच में इस पूरे अच्छे का कार्य श्रेय जिले के बड़े साहब को ही जाएगा। इन साहब ने अपनी बुद्धी का इस्तेमाल करके एक मंच पर एक ही पार्टी के कई अंधरूनी विरोधियों को एक साथ बैठाने का काम कर डाला। बरना पहले तो एक-दूसरे को देखकर चेहरे की मुस्कुराहट चली जाती थी और विवाद करने पर हमेशा उतारू रहते थे। इसके कई उदाहरण भी हैं।

...आखिर में बात हमारे कप्तान साहब की.

...आखिर में बात हमारे कप्तान साहब की। यह इसलिए जरूरी है कि साहब जब यहां आए थे तब लगता था कि वह जनप्रतिनिधियों एवं जनता से अच्छा तालमेल बनाकर जिले में अपनी अलग पहचान बना लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। साहब कुछ समय में ही खुद को जिले का सबसे बड़ा बॉस समझने लगे और उन्होंने संगठन के लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी दरकिनार करना शुरू कर दिया। साहब को शायद पता भी होगा कि इस कारण उनकी शिकायत सीएम तक पहुंची है। कई तो यह कह रहे हैं कि सूची आएगी तो साहब जिले से चले जाएंगे। पर हम यही कहेंगे जैसे आप यहां आने के दौरान थे, वैसा ही व्यवहार कीजिए, जिससे लोग आपके जाने के बाद भी आपको याद करें।

- आमिर खान, दैनिक नवभारत

बाल भिक्षावृत्ति रोकने चलाए अभियान का समापन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीकमगढ़ ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिये जिले में एक जुलाई से 20 जुलाई तक जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के तहत कुण्डेश्वर एवं बस स्टेण्ड टीकमगढ़ में बैनर एवं पेम्पलेट, स्टीकर्स के माध्यम से बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालय एवं छोटे कस्बों में ट्रेफिक चौराहों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे स्वयं या अपने परिवारों के साथ भिक्षावृत्ति में संलग्न पाये जाते देखे गये हैं जिसके अंतर्गत जिले में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टीकमगढ़ ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिये जिले में एक जुलाई से 20 जुलाई तक जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में होगी टीएल की बैठक

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा होगी।

लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में संचालित नशे से दूरी, है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

इस अभियान का सफल संचालन पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में किया गया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिले के समस्त थानों एवं चौकियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों विशेषत: युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ जनों की भागीदारी से मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया।

30 सितम्बर तक खनन कार्य हुए बंद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य 30 जून से 30 सितम्बर तक पूर्णत: प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेशानुसार जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि 30 जून मध्य रात्रि से 30 सितम्बर मध्य रात्रि तक टीकमगढ़ जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

उक्त अवधि के पूर्व यदि जिले में मानसून सक्रिय होता है तो उल्लेखित अवधि के पूर्व यह आदेश प्रभावशील व मान्य होगा। जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों के सर्व संचालक आदेश का पालन करना सुनिश्चित करें।

एसपी ने जमड़ार नदी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने रविवार को अपने पुलिस अमले के साथ जिले के कुंडेश्वर क्षेत्र में स्थित जमड़ार नदी घाट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर तैनात पुलिस बल से आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर संपूर्ण व्यवस्था की गंभीरता से समीक्षा की।

निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि घाट पर सुरक्षा के पुख्ता एवं प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं । किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु त्वरित एवं समन्वित कार्ययोजना तैयार रखी जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित समस्त नदी घाटों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें एवं तटीय क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को आपदा से संबंधित जागरूकता प्रदान करें। पुलिस अधीक्षक ने यह भी अवगत कराया कि संभावित आपदाओं की पूर्व तैयारी एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु जिले में नियमित रूप से वॉलेंटियर्स के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससेआपातकालीन परिस्थितियों में जनसहयोग से राहत कार्यों को सुचारू रूप से संपादित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने रविवार को अपने पुलिस अमले के साथ जिले के कुंडेश्वर क्षेत्र में स्थित जमड़ार नदी घाट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर पुलिस तैनात किया।

प्रतिबंध के बावजूद हो रहा रेत का अवैध कारोबार

मोहनगढ़ क्षेत्र के कौड़िया गांव के लोग कारोबार में संलिप्त

नवागत तहसीलदार ने दिया जांच का आश्वासन

नवभारत न्यूज मोहनगढ़।

वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र अवैध खनन को लेकर जिले में प्रथम पायदान पर माना जाता है, बीते दिनों जिले में हुई तेज बारिश की वजह से नहर से तालाब जोड़ो परियोजना हरपुरा नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर सामने आई थी।बारिश के कारण कौड़िया गांव के आस - पास खेतों में नदी की रेत आ जाने के कारण स्थानीय लोग रेत का कारोबार अवैध तरीके से कर रहे है। इस कारोबार में खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रेत का कारोबार कर रहे लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

दरअसल मोहनगढ़ क्षेत्र के कौड़ियां गांव के पास हरपुरा नहर के क्षतिग्रस्त हो जाने से नहर का पानी आसपास के राजस्व एरिया के साथ निजी खेतों से होकर बह रहा है, जिससे आसपास के इलाके में काफी मात्रा में रेत का एकत्रीकरण हो चुका है। बीते दो दिनों से खनन माफियाओं के द्वारा अवसर देखकर सैकड़ो ट्रॉली अवैध रेत का खनन कर उसे बेचने का काम जोरो पर कर रहे है। आसपास के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया की यहां पर राजस्व को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया जा रहा है और माफिया दिनदहाड़े रेत का कारोबार करने में लगे हुए है। वैसे तो मोहनगढ़ क्षेत्र अवैध खनन को लेकर जिले में प्रथम पायदान पर माना जाता है, बीते दिनों जिले में हुई तेज बारिश की वजह से नहर से तालाब जोड़ो परियोजना हरपुरा नहर जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर सामने आई थी। कौड़िया गांव के आस -पास खेतों में नदी की रेत आ जाने के कारण स्थानीय लोग रेत का कारोबार अवैध तरीके से कर रहे है।खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रेत का कारोबार कर रहे लोगों पर कार्यवाही की मांग की है। जब इस मामले के बारे में मोहनगढ़ के तहसीलदार रमेश चंद्र परमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे इस विषय में जानकारी नहीं है, आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई मैं पटवारी को भेज कर जानकारी प्राप्त करता हूं। अगर रेत का कारोबार करने बाले लोग यदि राजस्व को हकीकत मे नुकसान पहुंचा रहे है तो कार्यवाहीकी जाएगी।

मदद 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए भेजा जिला अस्पताल

विधायक ने काफिला रुकवाकर की घायल की मदद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जतारा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। वह सड़क पर पड़ा हुआ था। इसी दौरान ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर निकले जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का काफिला वहां से गुजर रहा था तभी विधायक की नजर घायल पर पड़ी तो उन्होनें अपना काफिला रूक बाकर घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

दरअसल शनिवार की देर रात जतारा विधायक हरिशंकर खटीक क्षेत्र का दौरा कर बापिस लोट रहे थे तभी बारिश के समय सड़क पर पड़े व्यक्ति को देखकर विधायक ने तुरंत अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने 108 एंबुलेंस को फोन किया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल युवक को जिला अस्पताल भेजा गया।समय पर अस्पताल पहुंचने की वजह से युवक का इलाज शुरू हो सका। वर्तमान में उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। हादसे में घायल युवक जतारा थाना क्षेत्र के बैरवार गांव का निवासी है। विधायक हरिशंकर ने बताया कि घायल युवक का नाम अजय आदिवासी है। रात में बाइक से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

घटना की सूचना थाना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जतारा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। वह सड़क पर पड़ा हुआ था। इसी दौरान ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर निकले जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का काफिला वहां से गुजर रहा था तभी विधायक की नजर घायल पर पड़ी तो उन्होनें अपना काफिला रूक बाकर घायल को 108 एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालाकि जतारा के भाजपा विधायक एवं प्रदेश महामंत्री हरिशंकर खटीक इससे पहले से ही लोगों की मदद के लिए सक्रिय भूमिका में नजर आते रहे है। विधायक ने घायल की मदद करके बड़ा पुनीत कार्य किया है।

घायल की हालत में आया सुधार

विधायक ने जिस धायल की मदद की है उसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे में घायल युवक जतारा थाना क्षेत्र के बैरवार गांव का निवासी है। विधायक हरिशंकर ने बताया कि घायल युवक का नाम अजय आदिवासी है। रात में बाइक से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे अजय घायल होकर सड़क पर तड़प रहा था जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।अब उसकी हालत मे सुधार है।

शासकीय पॉलीटेक्निक के लिए 14 तक आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।

संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ईब्डल्यूएस कोटा को छोड़कर सभी सीट्स भर चुकी है एवं कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी सीमित सीट्स बची हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी है। प्राचार्य डॉ आरपी शांडिल्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथियों में पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें। संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।

कुंडेश्वर में सोमवार को लगेगा मेला

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

सावन के माह की शुरूआत 11 जुलाई से हुई थी यह भगवान शिव का पावन माह माना जाता है। इस माह में शिव की आराधना अत्यंत फलकारी होती है। इस बार सावन मे चार सोमवार पड़ रहे है जिसमें आज दूसरे सावन सोमवार पर शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में विशाल मेले का आयोजन होगा। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कराया जाएगा। मंदिर का गर्भ गृह सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा।

जानकारी के अनुसार मंदिर प्रबंधन ने इस वर्ष भगवान के दर्शन के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है।